## एक नजर में

### भारतीय शिक्षा दिवस पर दिया मार्गदर्शन

**पानसेमल।** श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो संगीता भंडारी के मार्गदर्शन में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के स्थापना दिवस पर भारतीय शिक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रो मंजुला चौहान ने भारतीय शिक्षा प्रणाली, भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरु-शिष्य परंपरा तथा शिक्षा के सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों पर प्रेरक विचार व्यक्त किए। प्राचार्य प्रो संगीता भंडारी ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा, नैतिक मूल्यों तथा कौशल आधारित शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ लक्ष्मण रजाने ने किया। अंत में प्रो आरती मुकाती ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

### आवारा पशुओं के खिलाफ जारी विशेष अभियान

**बड़वानी।** नगर में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारु बनाए रखने तथा आमजनों को आवारा पशुओं से होने वाली असुविधा एवं संभावित दुर्घटनाओं से बचाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर के प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विचरण कर रहे आवारा पशुओं को निकाय की टीम द्वारा सुरक्षित रूप से पकड़कर नगर पालिका के समीप स्थित गौशाला में छोड़ा गया। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि पशुओं को किसी तरह की क्षति न पहुंचे तथा उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। साथ ही नगर पालिका द्वारा मुनादी कर समस्त पशुपालकों को सूचित एवं जागरूक किया गया कि वे अपने पशुओं को खुले में न छोड़ें तथा उन्हें अपने संरक्षण में सुरक्षित रखें। नागरिकों को बताया कि सड़कों पर आवारा पशुओं के विचरण से यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में यदि कोई पशुपालक अपने पशुओं को शहर की सड़कों पर खुला छोड़ता हुआ पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध प्रचलित नियमों एवं मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नपा ने सभी पशुपालकों एवं नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सुरक्षित, स्वच्छ एवं व्यवस्थित शहर के निर्माण में अपनी सहभागिता करें।

### उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

**इंदौर .** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय एवं विश्व बैंक समर्थित रैम्प (रेज़िंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस) योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड द्वारा धार में आयोजित दो दिवसीय एमएसएमई कॉम्पोजिट वर्कशॉप के प्रथम दिवस का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, स्व-सहायता समूहों तथा नवोदित उद्यमियों को शासन की विभिन्न योजनाओं, गुणवत्ता सुधार, बाजार विस्तार एवं व्यवसायिक विकास से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा. कार्यशाला के प्रथम दिवस में रैम्प जागरूकता, बौद्धिक संपदा अधिकार एवं जीआई जागरूकता, एसएचजी फॉर्मलाइजेशन, वॉलमार्ट वृद्धि, तथा जेड एवं बीआईएस विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा सत्र आयोजित किए गए. इन सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने, गुणवत्ता मानकों को अपनाने, नवाचार एवं बौद्धिक संपदा संरक्षण, औपचारिक व्यवसायिक ढांचे से जुड़ने तथा डिजिटल एवं आधुनिक बाजारों तक पहुंच बनाने के संबंध में समग्र जानकारी प्रदान की गई. कार्यशाला में बड़ी संख्या में उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों एवं इच्छुक प्रतिभागियों ने भाग लेकर विशेषज्ञों के साथ संवाद किया.

### उपभोक्ता जागरूकता कॉमिक बुक सीरीज का अनावरण

**इंदौर .** 'बीमा सबके लिए' के विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के चेयरमैन अजय सेठ ने उपभोक्ताओं के मध्य जीवन बीमा की अवधारणाओं को आसान बनाने और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उपभोक्ता जागरूकता कॉमिक बुक श्रृंखला का अनावरण किया. जीवन बीमा क्षेत्र के प्रमुख लीडर्स ने एक मंच पर आकर जीवन बीमा को सारे देशवासियों और परिवारों के लिए अधिक आसान, सरल और प्रासंगिक बनाने की दिशा में अपने साझा संकल्प को मजबूत किया. यह शिक्षाप्रद कॉमिक बुक सिरीज जीवन बीमा की समझ को सरल और लोकतांत्रिक बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है. कॉमिक बुक श्रृंखला का अनावरण करते हुए आईएसी-लाइफ के अध्यक्ष कमलेश राव ने कहा भारत की विकास गाथा उसके लोगों की उम्मीदों, प्रगति और दृढ़ता से आकार ले रही है. बीमा सबके लिए का विजन एक परिवर्तनकारी यात्रा है। इसका उद्देश्य केवल बीमा की पहुंच बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय परिवार की वित्तीय योजना का अभिन्न हिस्सा सुरक्षा को बनाना है.

### ज़ीरोबी ने मिलिंद सोमन को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

**मुंबई, .** आयन एक्सचेंज (इंडिया) लिमिटेड के जल शुद्धिकरण ब्रांड ज़ीरोबी ने प्रसिद्ध फिटनेस आइकन, अभिनेता और धीरज के प्रतीक मिलिंद सोमन को अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है. इस साझेदारी का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए सबसे आवश्यक तत्व शुद्ध पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करना है. अनुशासित जीवनशैली, फिटनेस के प्रति समर्पण और असाधारण सहनशक्ति के लिए पहचाने जाने वाले मिलिंद सोमन लाखों लोगों के प्रेरणास्रोत हैं. उनका जीवन दर्शन ज़ीरोबी के उस उद्देश्य से पूरी तरह मेल खाता है, जिसके तहत हर घर तक स्वच्छ, सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक पेयजल पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है. ज़ीरोबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी योगेश बाजपेयी ने कहा हमारा मानना है कि अच्छे स्वास्थ्य की शुरुआत शुद्ध पेयजल से होती है. आज उपभोक्ता अपने स्वास्थ्य के प्रति पहले से अधिक सजग हैं और रोजमर्रा के जीवन में सही विकल्प चुनना चाहते हैं. अनुशासन, विश्वसनीयता और स्वस्थ जीवनशैली हमारे ब्रांड के मूल मूल्य हैं, और मिलिंद सोमन इन मूल्यों का सशक्त प्रतिनिधित्व करते हैं.

### फ्लिपकार्ट ने फूड व न्यूट्रिशन कैटेगरी में बढ़ोतरी दर्ज की

**इंदौर .** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज बताया कि इसकी फूड एंड न्यूट्रिशन कैटेगरी में सालाना आधार पर 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. जेन जी ग्राहकों और धुलिया, इंफाल, धारवाड़, उज्जैन, हुबली, मीरगंज एवं लहरपुर समेत कई अन्य टियर 2+ बाजारों के ग्राहकों ने इस बढ़ोतरी में अहम योगदान दिया है. कुल मांग में फ्लिपकार्ट मिनट्स की 25 प्रतिशत की भागीदारी के साथ क्विक कॉमर्स इस विकास का प्रमुख कॉन्ट्रिब्यूटर बना हुआ है. फ्लिपकार्ट के वाइस प्रेसिडेंट, कंज्यूमेबल्स (एफएमसीजी एवं जनरल मर्चेंडाइज) निशांत दलाल ने कहा, 'अब भारत में खाना सिर्फ दिनचर्या का हिस्सा नहीं रह गया है. यह तेजी से वेलनेस, आइडेंटिटी और डिस्कवरी का मामला बनता जा रहा है. मेट्रो शहरों के साथ-साथ नॉन-मेट्रो शहरों के उपभोक्ता भी अपने खाने के विकल्पों को लेकर बहुत सावधान हो रहे हैं.

# दो स्कूलों में नहीं मिले शिक्षक, छात्र खेलते दिखे

**सेंधवा, ( नवभारत )।** नगर के शासकीय प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की अनुपस्थिति और शिक्षण व्यवस्था में अनियमितताएं सामने आई हैं। शासकीय प्राथमिक विद्यालय पिपलिया गोई में पदस्थ शिक्षक मनीराम स्कूल से अनुपस्थित मिले, जबकि उनकी जगह एक अनियुक्त अतिथि शिक्षक स्कूल में मिला। विद्यालय परिसर के बाहर कई बच्चे खेलते हुए दिखाई दिए।

मौके पर मौजूद अनियुक्त अतिथि शिक्षक ने कहा कि शिक्षक मनीराम किसी की मौत होने के कारण वहां गए हैं। हालांकि विद्यालय में किसी भी अतिथि शिक्षक की अधिकृत नियुक्ति नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार इस विद्यालय में केवल एक ही नियमित शिक्षक पदस्थ है। इसके बावजूद उनकी अनुपस्थिति के दौरान किसी वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई थी और न ही विभाग द्वारा किसी अतिथि शिक्षक की नियुक्ति की गई है।

इसी क्रम में पिपलिया गोई बड़ा फलिया स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। यहां एक शिक्षक कमलेश जोशी विद्यालय में उपस्थित मिले, जबकि दूसरे शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। दूसरे शिक्षक के नहीं होने से विद्यालय की पूरी शैक्षणिक व्यवस्था एक ही शिक्षक के भरोसे संचालित होती दिखाई दी।

**विद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर खड़े हुए सवाल**

विद्यालय में मौजूद शिक्षक कमलेश जोशी कक्षा पहली से पांचवीं तक के सभी विद्यार्थियों को एक ही कमरे में एक साथ पढ़ाते हुए मिले। एक शिक्षक पर सभी कक्षाओं की जिम्मेदारी होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की स्थिति भी सामने आई। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े हुए।

**कर्मचारियों के खिलाफ की जाएगी नियमानुसार कार्रवाई**

मामले में विख शिक्षा अधिकारी (बीईओ) लोकेंद्र सोहनी ने कहा कि दोनों विद्यालयों में अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन काटा जाएगा तथा उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। बीईओ ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है और बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### चौहान को एमपीपीएससी में फर्स्ट रैंक

**सेंधवा।** पंचायत सचिव राजेश चौहान और माता अर्चना चौहान की पुत्री कृष्णा चौहान ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित माइनिंग इंस्पेक्टर भर्ती-2025 के अंतिम चयन परिणाम में शानदार सफलता प्राप्त करते हुए 9वीं रेंक एवं महिला वर्ग में फर्स्ट रेंक हासिल की है। कृष्णा की प्रारंभिक शिक्षा सेंधवा से हुई। वर्तमान में वे एमपीपीएसी राज्य सेवा परीक्षा-2025 की मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। कृष्णा ने सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों एवं शुभचिंतकों को दिया। कृष्णा की इस उपलब्धि पर परिवार, मित्रों, शिक्षकों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# अधीक्षकों की जांच और ट्रांसफर की मांग

**निवाली, ( नवभारत )।** विकासखंड निवाली के विभिन्न शासकीय छात्रावासों में लंबे समय से पदस्थ अधीक्षकों के संबंध में जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया है कि विकासखंड के कई छात्रावासों में अधीक्षक शासन द्वारा निर्धारित कार्यकाल पूर्ण होने के बाद भी वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ हैं। आवेदकों का कहना है कि यदि यह तथ्य सही है, तो यह शासन की स्थानांतरण नीति, प्रशासनिक पारदर्शिता तथा निष्पक्षता की भावना के विपरित है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि विकासखंड के सभी छात्रावासों में पदस्थ अधीक्षकों के कार्यकाल, पदस्थापना एवं संबंधित विभागीय अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही जिन अधीक्षकों का निर्धारित कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, उन्हें नियमानुसार वर्तमान पदस्थापना से कार्यमुक्त कर नई पदस्थापना सुनिश्चित की जाए।

आवेदकों ने यह भी मांग की है कि यदि जांच में शासन के निर्देशों या स्थानांतरण संबंधी नियमों की अव्हेलना सामने आती है, तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध भी नियमानुसार आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही तथा छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इस मामले में शीघ्र निष्पक्ष एवं नियमसम्मत कार्रवाई की जाए।

ज्ञापन सौंपने वालों में दीपक निगवाल, प्रदीप सेनानी, सायसिंग तड़वे, दिलीप नरगावे, अखिलेश ब्राह्मणे, दादू जाधव, जगदीश डावर, सोहन अलावे एवं शिकारिया ब्राह्मणे शामिल रहे।

# 83 लाख की लागत से बनेगी सीसी रोड

**बड़वानी, ( नवभारत )।** मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना अंतर्गत शहर में विकास कार्यों को गति देते हुए एक बड़ी सौगात दी है। शहर के पाला बाजार से लेकर न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी तक 83 लाख रूपए की लागत से बनने वाली नई सीसी रोड़ का भव्य भूमिपूजन संपन्न हुआ।

विकास कार्य का शिलान्यास लोकसभा सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल, पूर्व मंत्री प्रेमसिंह पटेल एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान द्वारा किया गया। नपा उपाध्यक्ष सुभाष भावसार, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि निक्कू चौहान, एल्डरमेन मिथुन यादव, कृष्णा गोले सहित पार्षद लालू वास्कले, मोहन भावसार, अविनाश कलोसिया और अन्य लोग मौजूद रहे। नपा अध्यक्ष अश्विनी चौहान ने आश्वस्त किया कि शहर के विकास में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी और निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाएगा। सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी।

### गीला-सूखा कचरा अलग रखें अधिकारी

**बड़वानी।** आरएमओ कार्यालय जिला अस्पताल में निकलने वाले सामान्य कचरे को गीला कचरा और सूखा कचरा अलग रखे जाने के लिए इंचार्ज नर्सिंग ऑफिसर्स की बैठक हुई। जिसमें सिविल सर्जन डॉ. मनोज खन्ना एवं आरएमओ तथा सहायक अस्पताल प्रबंधक ने नर्सिंग ऑफिसर को निर्देशित किया कि सूखा-गीला कचरा पृथक-पृथक एकत्रित किए जाने के लिए अस्पताल कैम्पस में सखी केंद्र के आगे ग्राउंड में चबुतरा बनाकर शेड लगाया जा रहा है। इसमें कचरे को अलग रखा जाकर नगर पालिका के माध्यम से ले जाया जाएगा।

# आलीराजपुर में करोड़ों के सरकारी दस्तावेज मिले खुले में

## आदिवासी विकास परिषद ने सीएम को पत्र भेजकर एसआईटी जांच की मांग की

**आलीराजपुर। जनजातीय कार्य विभाग के कार्यालय में करोड़ों रुपये के निर्माण, टेंडर, भुगतान और तकनीकी स्वीकृतियों से जुड़े महत्वपूर्ण शासकीय अभिलेख खुले खंडहर में बिखरे मिलने का मामला अब तूल पकड़ चुका है। मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद ने इस लापरवाही को गंभीर बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को विस्तृत शिकायत पत्र भेजा है।**

परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल (रावत) ने आरोप लगाया कि विभाग के संवेदनशील रिकॉर्ड सुरक्षित रिकॉर्ड रूम में रखने के बजाय खुले में फेंके हुए थे। मीडिया के पहुंचते ही अधिकारियों-कर्मचारियों ने दस्तावेजों को आनन-फानन में समेटने की कोशिश की, जिससे पूरे मामले पर संदेह और गहरा गया है।

जानकारी अनुसार निर्माण कार्यों, तकनीकी स्वीकृतियों, टेंडरों, भुगतान आदेशों से जुड़े करोड़ों के दस्तावेज, रिकॉर्ड सुरक्षा में गंभीर लापरवाही, छेड़छाड़ और दस्तावेज गायब या नष्ट करने की आशंका जताई जा रही है। इसके लिए स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और रिकॉर्ड की सुरक्षा मांग की है। महेश पटेल ने पत्र में प्रशासन को 15 सवालों के घेरे में लिया है। इनमें करोड़ों के गोपनीय दस्तावेज खुले खंडहर में कैसे पहुंचे, इसके लिए जिम्मेदार कौन है।

यदि दस्तावेज महत्वहीन थे तो मीडिया के आते ही उन्हें हटाने की कोशिश क्यों हुई। रिकॉर्ड रूम होते हुए भी दस्तावेज बाहर फेंकने की अनुमति किसने दी। कार्रवाई सिर्फ कनिष्ठ कर्मचारियों पर होगी या सहायक आयुक्त और अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो। खुले में मिले दस्तावेजों में निर्माण, भुगतान और टेंडर से जुड़े संवेदनशील रिकॉर्ड शामिल थे या नहीं। पिछले 5 वर्षों में कितने सरकारी रिकॉर्ड नष्ट किए गए और क्या वैधानिक प्रक्रिया अपनाई गई। दस्तावेजों का दुरुपयोग या गुम होने पर कानूनी जिम्मेदारी किसकी होगी। प्रदेश भर के जनजातीय कार्य कार्यालयों में रिकॉर्ड प्रबंधन का विशेष ऑडिट होगा या नहीं अन्य मांगें भी शामिल हैं। शिकायत पत्र की प्रतिलिपि जनजातीय कार्य मंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य, आयुक्त जनजातीय कार्य, संभागायुक्त इंदौर, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई है।

# सैमसंग ने गैलेक्सी फोल्डेबल सीरीज़ के प्री-रिजर्वेशन शुरू किया

**इंदौर .** सैमसंग ने भारत में अपनी अगली गैलेक्सी फोल्डेबल स्मार्टफोन सीरीज़ के लिए प्री-रिजर्वेशन शुरू करने की घोषणा की है. ग्राहक इन नए फोल्डेबल डिवाइसों को ग्लोबल लॉन्च से पहले प्री-रिजर्व कर सकते हैं. ग्राहक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि देकर आगामी गैलेक्सी फोल्डेबल स्मार्टफोन्स का प्री-रिजर्वेशन कर सकते हैं. यह सुविधा सैमसंग.कॉम, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, अमेजन, फ्लिपकार्ट और देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है. प्री-रिजर्वेशन करने वाले ग्राहकों को डिवाइस खरीदने पर 2,799 रुपये तक के विशेष लाभ मिलेंगे. सैमसंग ने अपनी फोल्डेबल डिवाइसों को लगातार और अधिक पतला, हल्का और मजबूत बनाया है, साथ ही इनके उपयोग अनुभव को भी बेहतर किया है. कंपनी के अनुसार, अगली पीढ़ी की गैलेक्सी फोल्डेबल सीरीज़ में उन्नत एआई क्षमताओं और नए डिजाइन का मेल देखने को मिलेगा, जिससे उपयोगकर्ताओं को अधिक व्यक्तिगत और सहज अनुभव मिल सकेगा. यह एआई आधारित मोबाइल अनुभव को एक नए स्तर पर ले जाने की दिशा में सैमसंग का अगला कदम है. गैलेक्?सी अनपैक्ड इवेंट का आयोजन 22 जुलाई को लंदन (यू.के.) में किया जाएगा।

### वर्ल्ड प्रीमियर में दिखी नई निसान टेकटॉन की झलक

**इंदौर .** निसान मोटर इंडिया ने भारत में आयोजित वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान नई निसान टेकटॉन को लॉन्च किया. यह लॉन्चिंग कंपनी के उत्पाद विस्तार अभियान (प्रोडक्ट ऑफेंसिव) का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है.

# वित्तीय अनियमितता पर कलेक्टर ने प्राथमिक शिक्षक को किया निलंबित

**आलीराजपुर। कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देश पर शासकीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास, हरसवाट में सामने आई वित्तीय अनियमितता के मामले में संबंधित प्राथमिक शिक्षक एवं तत्कालीन छात्रावास अधीक्षिका रीना अजनार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।**

जानकारी अनुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड आलीराजपुर द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि शासकीय प्राथमिक विद्यालय डाबड़ी, विकासखंड जोबट में पदस्थ श्रीमती रीना अजनार ने छात्रावास के आईडी एवं पासवर्ड का अनुचित उपयोग करते हुए वित्तीय अनियमितता की तथा अपने परिवारजनों के बैंक खातों में राशि का भुगतान किया। जांच में शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं उदासीनता भी सामने आई। उक्त प्रकरण में प्रथम दृष्टया गंभीर वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर नीतू माथुर ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत संबंधित कर्मचारी के निलंबन के आदेश जारी किए हैं। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड आलीराजपुर रहेगा। कलेक्टर नीतू माथुर ने कहा है कि शासकीय धन के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितता एवं कर्तव्यों के प्रति लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। ऐसे मामलों में दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि शासकीय संस्थाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं वित्तीय अनुशासन बना रहे।

### पीएम एफएमई योजना में चयन के आवेदन 22 तक

**आलीराजपुर।** उप संचालक उद्यानिकी विभाग अधिकारी ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएम एफएमई) के अंतर्गत जिला रिसोर्स पर्सन (डीआरपी) के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयनित डीआरपी योजना के लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, डीपीआर तैयार करने, बैंक ऋण, लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं में तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान करेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 22 जुलाई तक कार्यालय सहायक संचालक उद्यान, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, द्वितीय तल, कक्ष क्रमांक-234, आलीराजपुर में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक अपने आवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा कर सकते हैं। पात्रता एवं चयन संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# वन अधिकार पट्टों के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें अधिकारी

**कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक**

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर कक्ष में वन अधिकार पट्टों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व भूमि के अभिलेखों का गहन परीक्षण करते हुए लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं नियमानुसार निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

बैठक में पुराने राजस्व अभिलेखों एवं वर्तमान अभिलेखों में दर्ज राजस्व रकबे में अंतर पाए जाने पर कलेक्टर माथुर ने अधिकारियों को झाबुआ से पुराने राजस्व रिकॉर्ड मंगवाकर उनका वर्तमान अभिलेखों से मिलान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी सभी विसंगतियों का तथ्यात्मक एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

कलेक्टर माथुर ने वन अधिकार पट्टों के लंबित प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में वन क्षेत्र में लगभग 23 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है, जिसके अभाव में कई सड़क निर्माण कार्य लंबित हैं और ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को वरिष्ठ कार्यालयों से समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए, ताकि भूमि उपलब्ध होने के बाद निर्माणाधीन सड़कों का कार्य पूरा कर जिले में बेहतर आवागमन की सुविधा सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर माथुर ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया कि वन अधिकार अधिनियम से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर वन विभाग को उपलब्ध कराई जाए, जिससे निर्धारित समय-सीमा में उनका निराकरण किया जा सके।